बाबा तुम्हारे दिल में बस ये प्यार कम न हो

बाबा तुम्हारे दिल में बस ये प्यार कम न हो,
तुमसे बिछड़ना हो लिखा उस रात हम न हो,
बाबा तुम्हारे दिल में बस ये प्यार कम न हो,

तुमने है हटाया हाथ तो हो जाये ख़ाक हम,
पड़ जाए आप की नजर बन जाए लाख हम,
तुम थामो हाथ जो सांवरे जीवन में गम न हो,
तुमसे बिछड़ना हो लिखा उस रात हम न हो,
बाबा तुम्हारे दिल में बस ये प्यार कम न हो,

माता पिता बंधू सखा सब कुछ ही आप हो,
सांसो में चलती रहती उस माला का जाप हो,
सच है ये मान लो कही तुम को भरम हो न,
तुमसे बिछड़ना हो लिखा उस रात हम न हो,
बाबा तुम्हारे दिल में बस ये प्यार कम न हो,

ये मतलबी संसार है जंजाल में कसे,
पर कैसे रोउ सांवरे आँखों में तुम वसे,
आकाश के बादल की अब ये आंख नम न हो,
तुमसे बिछड़ना हो लिखा उस रात हम न हो,
बाबा तुम्हारे दिल में बस ये प्यार कम न हो,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/7019/title/baba-tumhare-dil-me-bas-ye-pyaar-kam-na-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |